# गोपनीयता नीति

## पिछला अपडेट: 1 जनवरी, 2023

यह गोपनीयता नीति इस बात को संबोधित करती है कि किस तरह से RTX निगम और उसकी अनुषंगी कंपनियाँ और उसके सहयोगी *उसकी वेबसाइट्स और मोबाइल एप्लिकेशनों के अलावा* व्यक्ति के रूप में आप से निजी जानकारी प्राप्त और संसाधित कर सकते हैं। किसी भी RTX वेबसाइट का गोपनीयता संबंधी नोटिस उस विशेष वेबसाइट पर है। नौकरी आवेदक, कृपया नौकरी आवेदकों के लिए हमारा गोपनीयता संबंधी नोटिस देखें। कर्मचारियों को RTX का, कर्मचारियों के लिए गोपनीयता संबंधी नोटिस देखना चाहिए।

RTX में लोगों के साथ अनेक तरीकों से इंटरैक्ट किया जाता है: हमारे उत्पादों के अंतिम उपयोगकर्ता के तौर पर, हमारे व्यावसायिक ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के कर्मचारी के तौर पर और हमारे समुदायों में शामिल अन्य लोगों के तौर पर। इन अंतःक्रियाओं को सक्षम करने के लिए, RTX को निजी जानकारी इकट्ठा और संसाधित करनी पड़ सकती है। RTX ने हम इकट्ठा कर सकते हैं, ऐसी निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए तकनीकी, प्रशासनिक और भौतिक उपाय किए हैं। चूँकि यह नोटिस अनेक परिस्थितियों को कवर करने के लिए अभीष्ट है, हो सकता है कि इस नोटिस में मौजूद कुछ जानकारी आप पर लागू न होती हो। उदाहरणार्थ, अगर आपके पास किसी RTX कंपनी के साथ वॉरंटी नहीं है, तो RTX आप से वॉरंटी संबंधी जानकारी इकट्ठा नहीं करेगी। साथ ही, RTX लागू होने वाली कानूनी आवश्यकताओं का पालन करती है और जहां के लागू कानून द्वारा निजी जानकारी को इकट्ठा करना या इस्तेमाल करना प्रतिबंधित हो, वहां ऐसा नहीं करती है।

RTX द्वारा दी गई परिभाषा के अनुसार, निजी जानकारी ऐसा डेटा है जो किसी ऐसे व्यक्ति से संबंधित हो जिसकी पहचान की जा चुकी है या पहचान की जा सकती है।

## RTX कौनसी निजी जानकारी इकट्ठा करती है?

RTX जो निजी जानकारी इकट्ठा करती है, वह लागू कानूनी आवश्यकताओं के अधीन है। चूँकि इस नोटिस में कई अलग-अलग परिस्थितियाँ कवर की जाती हैं, यहाँ पर ऐसे डेटा संघटक सूचीबद्ध हो सकते हैं, जो आपकी विशेष परिस्थिति पर लागू नहीं होते हैं। यदि आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया "RTX से संपर्क कैसे करें" विभाग में वर्णन किए अनुसार RTX से संपर्क करें।

| **निजी जानकारी के प्रकार** | आउटसोर्स किया हुआ श्रम | आपूर्तिकर्ताओं, विक्रेताओं और व्यावसायिक ग्राहकों के कर्मचारी | ऐसे मेहमान और व्यक्ति जिन्हें RTX के सिस्टम का इस्तेमाल करने के लिए | शेयरधारक | RTX के कुछ चुनिंदा प्रोडक्ट के उपभोक्ता और असली उपयोगकर्ता | अन्य लोग* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नाम, जिसमें नाम, कुलनाम, मध्यनाम, कोई भी प्रत्यय (जैसे जूनियर या सीनियर) और संबोधन (जैसे श्री या श्रीमति) शामिल हैं। | X | X | X | X | X | X |
| पहचान की मूलभूत जानकारी, जैसे जन्म तिथि और लिंग | X | X | | | | X |
| आश्रितों के लिए पॉलिसी धारक से संबंध | | | | | | X |
| आपात स्थिति संपर्क जानकारी | X | X | | | | |
| कार्य स्थल पर संपर्क जानकारी, जिसमें टेलीफ़ोन नंबर, फैक्सिमिली नंबर, ईमेल पता, पेजर नंबर, डाक पता और कार्य स्थल शामिल हैं | X | X | X | | | |
| घर का पता, निजी ईमेल पता और घर का टेलीफ़ोन नंबर, जिसमें निजी मोबाइल टेलीफ़ोन नंबर शामिल है | X | | | | X | X |
| दिया गया डाक पता, जो घर, ऑफ़िस या दोनों का हो सकता है | | | | X | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य अनुभव, शिक्षा और नौकरी का इतिहास, भाषा कौशल सहित अन्य कौशल श्रेणियां, लाइसेंस, सर्टिफ़िकेट, कुछ खास कामों को करने की अनुमति या व्यापारिक संघों या पेशेवर संगठनों की सदस्यताएं और उनमें भाग लेने की जानकारी | X | X | | | | X |
| किसी व्यक्ति की नौकरी के बारे में जानकारी, जिसमें पद नाम, विभाग, कार्य फंक्शन और लागत केंद्र शामिल है | X | X | X | | | X |
| किसी व्यक्ति के नियोक्ता के बारे में जानकारी, जिसमें कंपनी का (के) नाम, कंपनी की जगह (जगहों), कंपनी का पता (के पते) और स्थापना के देश की जानकारी शामिल है | X | X | X | | | X |
| सुपरवाइज़र और/या सहायक का नाम | X | X | X | | | |
| प्रशिक्षण, विकास और/या पर्फ़ॉर्मेन्स रिव्यू संबंधी जानकारी | X | X | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| RTX के कंप्यूटर, नेटवर्क, संचार और लॉग की जानकारी, जिसमें कंपनी के फ़ोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक संचार (जैसे ईमेल और इलेक्ट्रॉनिक कैलेन्डर) सहित अन्य जानकारी और संचार टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल की जानकारी शामिल है। साथ ही, इसमें यूज़रनेम/लॉगिन पहचान, पासवर्ड, सुरक्षा प्रश्नों के उत्तरों के साथ-साथ, RTX के ऐप्लिकेशन, नेटवर्क, सिस्टम और सेवाओं को ऐक्सेस करने के लिए ज़रूरी जानकारी और वह जानकारी भी शामिल है जिसे आप RTX के नेटवर्क और सिस्टम के ज़रिए सेव करते हैं, भेजते हैं, सबमिट करते हैं या पाते हैं। इसमें, इनके अलावा दूसरी जानकारी भी शामिल हो सकती है | X | X | X | | X | X |
| कार्य आवंटन और कार्य उत्पाद जिसमें आपके साथ कोई संबंध हो सकता है, जैसे कि ऐसे दस्तावेज़ और फ़ाइलें, आप जिनके लेखक के रूप में पहचाने गए हों, और आपको सौंपे गए कार्य | X | | | | | |
| लागू कानून और आवश्यकता के हिसाब से, सेना में की गई सेवा की जानकारी | X | | | | | |
| पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी जानकारी | X | X | X | | | X |
| ऐसे समझौते, प्रोग्राम और गतिविधियाँ, जिनमें व्यक्ति हिस्सा लेता है | X | X | | | | |
| भुगतान और इनवॉइस संबंधी जानकारी, जिसमें सरकारी पहचान नंबर और बैंक खाता नंबर शामिल होते हैं | X | X | | | X | X |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भाषा और संचार संबंधी पसंद | X | X | X | X | X | |
| किसी स्वैच्छिक सर्वे या प्रमोशन के द्वारा या किसी प्रोडक्ट के इस्तेमाल के द्वारा एकत्रित जानकारी | X | X | | | X | |
| RTX के परिसर में होने के दौरान होने वाली किसी भी घटना को रिकॉर्ड करना | X | X | X | | | X |
| कार्य संबंधी असाइनमेन्टों से जुड़ी यात्रा और खर्च संबंधी जानकारी, जिसमें वीज़ा के बारे में जानकारी, खर्चों का विवरण और समर्थन करने वाले बिल शामिल हैं | X | X | | | | X |
| ऐसी जानकारी जो किसी असाइनमेंट के हिस्से के रूप में इकट्ठा की जा सकती हो, जैसे समय और उपस्थिति संबंधी डेटा, बैज संबंधी जानकारी, फोटो, ऑडियो, वीडियो, बायोमेट्रिक जानकारी (जैसे कि फ़िंगर प्रिंट, आइरिस स्कैन या वॉइस रेकग्निशन) या किसी खास भूमिका या काम के लिए इस्तेमाल किया गया जिओलोकेशन डेटा। हालांकि, इसे इकट्ठा करने की जानकारी दी जाएगी, इसकी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और लागू कानून के हिसाब से होगी | X | X | X | | | |
| जन्म का देश, नागरिकताएं (भूतकालीन और वर्तमान), और स्थायी निवास संबंधी स्थिति, जैसा कि लागू कानून द्वारा आवश्यक हो | X | X | X | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवश्यक जाँचें, जैसे चिकित्सकीय जाँच, ड्रग स्क्रीनिंग और/या पार्श्वभूमि जाँच संबंधी जानकारी, जैसा कि लागू कानून द्वारा आवश्यक हो | X | | | | | |
| ऐसी जानकारी जो अंतर्राष्ट्रीय अनुपालन विनियमों के लिए कुछ टेक्नोलॉजी तक आपको ऐक्सेस की अनुमति देने के लिए आवश्यक हो सकती हो या ऐसी अन्य जानकारी जो लागू कानून के हिसाब से, किसी खास असाइनमेंट या विज़िट से जुड़ी हो | X | X | X | | | X |
| सरकार द्वारा जारी किए गए पहचान नंबर (पूरे या आंशिक रूप से), जैसे कि टैक्स आइडेन्टिफिकेशन नंबर, RTX द्वारा दिया गया पहचान नंबर, सोशल सिक्योरिटी/बीमा नंबर, सरकार द्वारा जारी ड्राइवर्स लाइसेंस नंबर, वीसा, पासपोर्ट या अन्य दस्तावेज़ संख्या | X | X | X | X | | X |
| विक्रेता के रूप में सेवा प्रदान के लिए अर्हताएं, जैसे कि हितों के टकराव संबंधी जानकारी | | X | | | | |
| मुलाकात करने वालों के बारे में जानकारी, जिसमें समय, तारीख, मुलाकात की जगह, पार्किंग के लिए वाहन संबंधी जानकारी और मुलाकात करने वालों के लॉग को तैयार करने और प्रवेश करने से रोके जाने वाले वाले लोगों को अलग करने के लिए ज़रूरी जानकारी शामिल है | X | X | X | | | |
| प्रदान या प्राप्त किए जाने वाले नगण्य उपहारों की सूची | | X | | | | X |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्थान आधारित सेवाएं प्रदान करने वाली कुछ साइटों के लिए स्थान संबंधी जानकारी, जैसे कि नक्शे, स्थान के अनुसार प्रिंटर की उपलब्धता या नज़दीकी कॉन्फ्रेंस रूम की उपलब्धता। हालांकि, इसे इकट्ठा करने की जानकारी दी जाएगी और इसकी प्रक्रिया पारदर्शी होगी | X | | X | | | |
| किसी सेवा के प्रदान की सुविधा के लिए या सहायता की माँग करने के लिए प्रदान जानकारी जैसे कि प्रोडक्ट का इस्तेमाल या समस्या संबंधी जानकारी | X | X | X | X | X | |
| किसी क्लेम को प्रोसेस करने या अनुरोध किए गए बेनिफ़िट पाने या सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक जानकारी, जिसमें एक स्वतंत्र चिकित्सा जांच, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सरकारी पहचान नंबर या अन्य जानकारी शामिल हो सकती है | | | | | | X |
| शेयरधारक के रूप में अधिकारों का इस्तेमाल करने के संदर्भ में दी गई जानकारी, जैसे कि मीटिंग में उपस्थिति की जानकारी (जिसमें, मीटिंग में उपस्थित रहने वालों की सुरक्षा के लिए इकट्ठा किए गए डेटा या फिर मीटिंग की कोई भी रिकॉर्डिंग शामिल है), वोट की जानकारी और डिविडेंड के भुगतान की जानकारी | | | | X | | |
| ऐसी कोई भी जानकारी जिसे कोई व्यक्ति ऐसे दस्तावेज़ में शामिल करना चाहता है जो किसी इंश्योरेंस क्लेम और/या RTX से जुड़ी किसी कानूनी कार्रवाई का हिस्सा हो | | | | | | X |

*अन्य लोगों में, RTX के कर्मचारियों के आश्रित और परिवार के सदस्य, आपातकालीन संपर्क, बीमा दावों के पक्ष और ईमेल द्वारा हमसे संपर्क करने वाले लोग (लेकिन वे किसी अन्य वर्ग में कवर न किए गए हों) शामिल हैं

जिन देशों में संवेदनशील या खास निजी जानकारी (लागू कानून की परिभाषा के हिसाब से) पर विशेष सुरक्षा लागू की जाती है वहां RTX आपकी संवेदनशील निजी जानकारी को इकट्ठा, प्रोसेस या ट्रांसफर केवल कानूनी तौर पर आवश्यक होने पर ही करेगी या ऐसा उन परिस्थितियों में किया जाएगा जहां डेटा देना वैकल्पिक है, जो आपकी स्पष्ट सहमति से किया जाएगा।

RTX, आमतौर पर आपकी निजी जानकारी तब इकट्ठा करेगी, जब: आप वह जानकारी सीधे हमें देते हैं; RTX के एप्लिकेशन, नेटवर्क, सिस्टम और सेवाओं का उपयोग करते हैं; और तीसरे पक्ष या हमारे कर्मचारियों के ज़रिए (जैसे विज़िटर रजिस्ट्रेशन फ़ॉर्म) हमें यह जानकारी देते हैं। हम आपकी जानकारी को लागू कानून के हिसाब से इकट्ठा करेंगे।

## RTX में जो जानकारी इकट्ठा की जाती है उसका इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है?

| **उद्देश्य** | आउटसोर्स किया हुआ श्रम | आपूर्तिकर्ताओं, विक्रेताओं और व्यावसायिक ग्राहकों के कर्मचारी | ऐसे मेहमान और लोग जिन्हें RTX के सिस्टम का इस्तेमाल करने के लिए अधिकृत किया गया है | शेयरधारक | RTX के कुछ चुनिंदा प्रोडक्ट के उपभोक्ता और असली उपयोगकर्ता | अन्य लोग* |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐसे नियमित व्यावसायिक काम करना जिसमें ग्राहकों या अन्य व्यावसायिक साझेदारों के साथ सीमित निजी जानकारी शेयर की जा सकती है। इन कामों में प्रोडक्ट डिज़ाइन और डेवलप करना, एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग (ERP) सिस्टम को मैनेज करना, इनवॉइस भेजना और भुगतान इकट्ठा करना, भुगतान करना और ग्राहकों को सामान और सेवाएं प्रदान करना शामिल है | X | X | X | | X | |
| माँगे गए उत्पाद और सेवाएं प्रदान करना, जिनमें कुछ एप्लिकेशनों के लिए ज्ञात और पारदर्शी तरीके से जिओलोकेशन का इस्तेमाल शामिल हो सकता है | | | | | X | |
| दानार्थ अभियान चलाना | X | | | | | |
| भर्ती का आयोजन करना, जिसमें क्योंकि वह बज़ और आर्थिक नियोजन और रिपोर्टिंग को प्रभावित कर सकते हैं | X | | | | | |
| स्वास्थ्य या सुरक्षा के जोखिम वाली स्थिति, जिसमें आपात स्थिति भी शामिल है, को प्रतिभाव देना | X | X | X | X | X | X |
| संचार और नोटिसों का व्यवस्थापन करना | X | | X | X | X | X |
| आरोग्य और सुरक्षा कार्यक्रम और सेवाओं का आयोजन करना और प्रदान करना, जिसमें ड्रग्स के लिए जाँच और स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यक्रम शामिल हैं | X | | | | | |
| रिपोर्ट करना और साँख्यिकीय विश्लेषण करना, जिनमें वैश्विक व्यवसाय में व्यक्तियों की संख्या, | X | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जनसाँख्यिकीय जानकारी और लागू कानून के द्वारा आवश्यक रिपोर्टिंग शामिल हैं | | | | | | |
| फ़िज़िकल सिक्योरिटी को मैनेज करना, जिसमें ऐक्सेस कंट्रोल और सुरक्षा, सुविधाओं का ऐक्सेस और सुरक्षा के साथ-साथ, आपदा के लिए तैयार रहना शामिल है | X | X | X | X | | |
| इन्फ़र्मेशन टेक्नोलॉजी (“IT”) प्रणालियों का प्रबंधन करना, रखरखाव करना और उन्हें सुरक्षित बनाना, जैसे कम्प्यूटर नेटवर्क, ईमेल, इंटरनेट ऐक्सेस, एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग (“ERP”) प्रणालियाँ और कार्य प्रवाह जिनमें शामिल हैं<br>○ कम्प्यूटर और अन्य प्रणालियों के लिए ऐक्सेस नियंत्रण और सुरक्षा<br>○ इंटरनेट, इंट्रानेट, ईमेल, सोशल मीडिया और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम ऐक्सेस<br>○ वायरस, अतिक्रमण और इन्साइडर खतरे के लिए स्कैन और विश्लेषण<br>○ सुरक्षा और हेल्पडेस्क के उद्देश्यों से लॉग्स बनाना और उनका विश्लेषण<br>○ हेल्पडेस्क सहायता और सिस्टम मेंटेनेंस गतिविधियां मुहैया कराना<br>○ डेटा का बैक अप लेने और उसे रिकवर करने के साथ-साथ, दुर्घटना से उबरने की सेवाएं प्रदान करना | X | X | X | X | X | X |
| प्रदान की जाने वाली सेवाओं, बचाव, सुरक्षा और क्षमता के प्रबंधन के लिए, RTX की कुछ खास एसेट | X | X | X | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और ऐप्लिकेशन की लोकेशन ट्रैकिंग, अवधि और अन्य टेलिमैटिक्स पर निगरानी रखना | | | | | | |
| आयात, निर्यात और अन्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रणों का अनुपालन सुनिश्चित करना, जिसमें पंजीकरणों और अधिकृतियों का प्रबंधन, नियंत्रित टेक्नोलॉजियों और/या वस्तुओं को ऐक्सेस का निर्धारण और प्रतिबंधित या सीमित देशों या पक्षों के लिए जाँचें शामिल हैं | X | X | X | | X | |
| RTX के ओम्बड्समैन प्रोग्राम के पास जमा किए गए प्रश्नों या चिंताओं को प्रतिभाव देना (आम तौर पर इसका मतलब जिसने चिंता या प्रश्न सबमिट किया हो उस व्यक्ति को प्रतिभाव देने के लिए उनके डेटा का इस्तेमाल करना होता है) | X | X | X | X | X | X |
| लागू नीति, विनियम और कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए लेखा परीक्षण और अनुपालन समीक्षाएं करना | X | X | X | X | | X |
| आंतरिक और बाहरी जांचें करना और उन्हें प्रबंधित करना, जिसमें कानूनी, वैश्विक नीतियां और अनुपालन तथा अतंरराष्ट्रीय व्यापार अनुपालन की समीक्षाएं करना और इनकी वजह से सरकारी एजेंसियों के सामने हुआ कोई प्रकटन शामिल है | X | X | X | X | X | X |
| हितों का टकराव का मूल्यांकन और उसकी रिपोर्ट करना | X | X | X | X | X | X |
| चोट और क्षति के दावों सहित पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी समस्याओं को संबोधित करना | X | X | X | | X | X |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बीमा के विभिन्न प्रकार के दावों का मूल्यांकन और प्रबंधन करना | X | X | X | | X | X |
| मुकदमे, मध्यस्थता, प्रशासनिक या विनियामक कार्रवाइयों में दावों पर अभियोग चलाना और उनका बचाव करना, जिनमें विवाद-पूर्व गतिविधि, साक्ष्य इकट्ठा करना, जानकारी पाना, कानूनी कार्रवाई को रोका जाना और ई-डिस्कवरी प्रयास शामिल हैं, लेकिन यह इन तक सीमित नहीं है | X | X | X | X | X | X |
| कानून प्रवर्तन और अन्य सरकारी पूछताछ को प्रतिभाव देना | X | X | X | X | X | X |
| बौद्धिक संपदा अधिकारों का संरक्षण करना, जिसमें पेटेन्ट फ़ाइलिंग शामिल हैं, लेकिन यह इन तक सीमित नहीं है | X | X | | | | |
| व्यावसायिक योजनाएं, जिनमें विलयन, अधिग्रहण और विनिवेश के लिए आयोजन शामिल है | X | X | X | X | X | |
| निवेशक प्रबंधन गतिविधियों के लिए सुविधा प्रदान करना | X | | | X | | |
| पेशेवर संगठनों में सहभागिता को दस्तावेज़ीकृत करना और व्यावसायिक उपहारों और आतिथ्य प्रदान या प्राप्त करना | | X | | | | |
| मार्केटिंग, अनुबंध, संयुक्त उपक्रम और अन्य व्यावसायिक प्रयास करना, जिसमें बिना कोई सीमा वाले इनवॉइस और भुगतान को प्रोसेस करना, | X | X | X | | X | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रोजेक्ट का प्रबंधन करना और ग्राहक सर्वे और प्रचार करना शामिल है | | | | | | |
| प्रोडक्ट्स के बेचने, उसका उत्पादन करने और उसे बेहतर बनाने को डिज़ाइन करना | | X | | | X | |
| ग्राहक को सेवा और समर्थन प्रदान करना | | X | | | X | |
| ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और विक्रेता के कर्मचारियों का प्रशिक्षण और प्रमाणन | | X | X | | | |
| आपूर्तिकर्ता और विक्रेता के बारे में उपयुक्त खोजबीन करना, जिसमें जोखिम के आकलन शामिल हैं | | X | X | | | |
| बजट और आर्थिक आयोजन और रिपोर्टिंग को विकसित और प्रबंधित करना | | X | X | | | |
| कर्मचारी या लाभार्थी या आश्रित व्यक्ति द्वारा अनुरोध किए गए बेनिफिट और सेवाएं प्रदान करना | | | | | | X |
| व्यावसायिक उपहारों और तीसरे पक्षों के लिए प्रायोजित यात्रा के संबंध में, लागू कानूनों, विनियमों और RTX की नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करना | X | X | X | | X | |
| सार्वजनिक कंपनियों के लिए आवश्यक दायित्वों, जैसे कि वार्षिक मीटिंग करना (जिसमें ऐसी मीटिंग में सुरक्षा शामिल है) और शेयरधारकों की सूची को बनाए रखना | | | | X | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसा कि लागू कानून के तहत आवश्यक हो या स्पष्टतः अधिकृत हो | X | X | X | X | X | X |

उस जगह के अलावा, जहाँ इसे आपके साथ किसी समझौते के समर्थन में या किसी कानूनी दायित्व को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, आपकी निजी जानकारी का हमारा इस्तेमाल केवल ऊपर वर्णन किए अनुसार वैध व्यावसायिक हितों के लिए ही होगा।

# RTX में जो जानकारी इकट्ठा की जाती है, उसे यह किसके साथ शेयर किया जा सकता है?

RTX ज़रूरत के मुताबिक, लागू कानून के हिसाब से तीसरे पक्षों, सरकारी एजेंसियों और अन्य संगठनों को निजी जानकारी का ऐक्सेस दे सकती है या उसे शेयर कर सकती है, जैसे विश्वसनीय सेवा प्रदाताओं, सलाहकारों और उन ठेकेदार को जिन्हें RTX की सुविधाओं या सिस्टम का ऐक्सेस दिया गया है RTX, आपकी निजी जानकारी को RTX समूह के बाहर की सिर्फ़ इन कंपनियों के साथ शेयर करेगी:

- ऐसे सेवा प्रदाता, जिन्हें RTX ने हमारी तरफ से सेवाएं पूरी करने के लिए रखा हो। RTX, सेवा प्रदाताओं के साथ आपकी निजी जानकारी को केवल ऊपर सूचीबद्ध किए गए उद्देश्यों के लिए शेयर करेगी। RTX आपकी निजी जानकारी जिन सेवा प्रदाताओं के साथ शेयर कर सकती है उनकी श्रेणियों में ये शामिल हैं (और केवल जहां लागू हो): किसी प्रासंगिक असाइनमेंट के लिए सहायता देने वाले ठेकेदार; अस्वीकृत किए गए पक्षों से जुड़ी जांच की सेवा देने वाले; आउटसोर्स डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रदाता; और ऐसे सेवा प्रदाता जो एक सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर मुहैया कराते हैं।RTX, आपकी निजी जानकारी केवल उन सेवा प्रदाताओं के साथ शेयर करेगी जिनके साथ RTX ने अनुबंध किया है कि वे आपकी जानकारी का उपयोग या उसे किसी और के साथ शेयर केवल हमारी तरफ़ से सेवाएं देने या कानूनी आवश्यकता होने पर ही करेंगे;
- कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए, जिसमें कर और विनियामक दायित्वों का पालन करना, श्रम/ट्रेड यूनियनों और कार्य परिषदों के साथ डेटा शेयर करना और अदालती कार्यवाही या कानून प्रवर्तन अधिकारियों या अन्य सरकारी नियामकों से वैध कानूनी अनुरोध का जवाब देना शामिल है। साथ ही, इसमें कुछ और कानूनी दायित्व भी शामिल हो सकते हैं;
- नीति, नैतिकता या अनुपालन के किसी संभावित या वास्तविक उल्लंघन या किसी तरह की अवैध गतिविधि की जांच करने के लिए;
- शारीरिक नुकसान को रोकने और मानव सुरक्षा देने के लिए; या

- हमारे व्यवसाय या संपत्ति का हिस्सा या उसे पूरा बेचने या ट्रांसफर करने में सहायता के लिए, जिसमें दिवाला निकालना भी शामिल है।

अगर आप किसी RTX व्यवसाय को सेवाएं प्रदान करते हैं, और आपको किसी ग्राहक या अंतिम उपयोगकर्ता की सुविधा तक पहुँच बनाने की ज़रूरत हो, तो RTX को ग्राहक को या अंतिम उपयोगकर्ता को आपकी निजी जानकारी देनी पड़ सकती है, ताकि आपकी साइट पर पहुँच सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुपालन में रहे।

उस जगह के अलावा, जहाँ इसे आपके साथ किसी समझौते के समर्थन में या किसी कानूनी दायित्व को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, आपकी निजी जानकारी का हमारा इस्तेमाल केवल ऊपर वर्णन किए अनुसार वैध व्यावसायिक हितों के लिए ही होगा। RTX में आपकी निजी जानकारी को बेचा नहीं जाएगा।

## RTX आपकी निजी जानकारी कहाँ स्टोर करती है?

RTX एक वैश्विक कंपनी है, जो कई देशों में स्थित है। हम आपकी जानकारी को ऊपर बताए गए उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, एक कानूनी निकाय से दूसरे में या एक देश से दूसरे में ट्रांसफर कर सकते हैं। इसमें, अन्य देशों में मौजूद हमारे सेवा प्रदाताओं के साथ इस जानकारी को शेयर करना भी शामिल हो सकता है। इन देशों में, कम से कम यूनाइटेड स्टेट्स, यूरोपीय संघ के कई सदस्य देश, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा और कुछ अन्य देश शामिल हैं, जिनमें से कुछ एशिया के भी हैं। हम आपकी निजी जानकारी को लागू कानूनी आवश्यकताओं के हिसाब से ही ट्रांसफर करेंगे और केवल उस सीमा तक करेंगे जितना कि ऊपर बताए गए उद्देश्यों के लिए आवश्यक हो।

RTX आपकी निजी जानकारी को एक देश से दूसरे में ट्रांसफ़र करने के लिए, उपलब्ध कानूनी तरीके पर निर्भर करती है। इसके अलावा, कानून की ज़रूरी शर्तों के हिसाब से सही स्तर की सुरक्षा को सुनिश्चित करती है। उस सीमा तक जहाँ तक कि RTX स्थानांतरण को अधिकृत करने के लिए मानक अनुबंध की शर्तों (जिन्हें मानक शर्तें भी कहा जाता है) या बंधनकर्ता कॉर्पोरेट नियमों पर निर्भर है, RTX उन आवश्यकताओं का अनुपालन करेगी। इसमें वे मामले भी शामिल हैं जिनमें उन आवश्यकताओं और इस नोटिस के बीच टकराव होता हो। RTX के अनिवार्य कॉर्पोरेट नियम पढ़ने के लिए, कृपया BCR को अपनी भाषा में यहां से डाउनलोड करें **https://www.rtx.com/privacy/binding-corporate-rules**.

# RTX में निजी जानकारी को कितने समय तक रखा जाता है?

RTX निजी जानकारी को उस समय अवधि के लिए अवधारित करता है जितनी कि उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक हो जिसके लिए इसे मूल रूप से इकट्ठा किया गया था और लागू नियम या कानून, अदालत, प्रशासनिक या मध्यस्थता प्रक्रिया या लेखा परीक्षण आवश्यकता के द्वारा लागू होने वाली ऐसी अतिरिक्त अवधि के लिए भी रखता है।

# आपके पास RTX किस तरह से आपकी निजी जानकारी को इस्तेमाल करे इसके बारे में कौन-से चयन हैं?

जहाँ संभव हो, RTX आपको यह निर्णय लेने का मौका देगी कि आप अपनी निजी जानकारी प्रदान करना चाहते हैं या नहीं। ऐसी परिस्थितियाँ हो सकती हैं, जिनमें आपको चयन का मौका नहीं दिया जाएगा, जैसे कि IT सुरक्षा संबंधी रीतियाँ जैसे कि RTX नेटवर्क को ऐक्सेस प्राप्त व्यक्तियों के लिए वायरस और मालवेयर स्कैनिंग। निजी जानकारी के प्रकार और RTX को जिसकी वजह से इसकी ज़रूरत हो सकती है उस कारण के आधार पर RTX आपकी निजी जानकारी इकट्ठा और संसाधित किए बगैर आपकी माँग को पूरा न कर सके ऐसी संभावना है।

आपके पास हमेशा यह चुनने करने का अवसर होगा कि RTX आपकी निजी जानकारी का मार्केटिंग के उद्देश्यों से इस्तेमाल कर सकती है या नहीं। अगर आपने हमें अपनी निजी जानकारी दी है और अब आपको यह अनुरोध करना है कि आने वाले समय में इसका इस्तेमाल मार्केटिंग के उद्देश्यों से न किया जाए, तो कृपया उस व्यवसाय से संपर्क करें जिससे आपको मार्केटिंग मैसेज मिल रहे हैं। आपको संपर्क जानकारी खुद इन मैसेजों से और व्यवसाय की वेबसाइट से मिल सकती है। हमारा सुझाव है कि आप मैसेज में उपलब्ध, अनसब्सक्राइब करने के विकल्प का उपयोग करें।

# व्यक्तियों को कौनसी अतिरिक्त जानकारी पता होनी चाहिए?

**कैलिफ़ोर्निया के निवासी:**

*कैलिफ़ोर्निया शाइन द लाइट लॉ:* कैलिफ़ोर्निया के निवासी हर साल, अन्य व्यवसायों के साथ शेयर की गई अपनी वह जानकारी मांग सकते हैं जिसका इस्तेमाल व्यवसायों ने पिछले कैलेन्डर वर्ष में डायरेक्ट मार्केटिंग करने के लिए किया हो। RTX, आपकी निजी जानकारी को अन्य व्यवसायों से उनकी डायरेक्टमार्केटिंग में इस्तेमाल किए जाने के लिए शेयर नहीं करती है।

*कैलिफ़ोर्निया कन्ज़्यूमर प्राइवेसी ऐक्ट:* कैलिफ़ोर्निया के निवासियों के पास अधिकार है कि:

- वे अपने बारे में हमारे पास मौजूद निजी जानकारी को मांग सकें। इसमें जानकारी की श्रेणियों और उसके इस्तेमाल के उद्देश्य की जानकारी शामिल है। इसके अलावा, वे यह जानकारी भी

मांग सकते हैं कि हम उनकी निजी जानकारी को किसके साथ शेयर करते हैं और हमारे पास विशेष रूप से उनके बारे में कौनसी जानकारी है;

- वे अपना डेटा मिटाने की माँग कर सकते हैं; और
- किसी कंपनी को अपना डेटा न बेचने के निर्देश दे सकते हैं। हालांकि, RTX निजी जानकारी को नहीं बेचती है, इसलिए यह निर्देश लागू नहीं होता है।

अगर आप कैलिफोर्निया के निवासी हैं और आप अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहते हैं, तो आपको RTX से संपर्क करने के लिए 1-833-882-0003 पर कॉल या privacy.compliance@rtx.com पर हमें ईमेल करना चाहिए। कृपया अपना नाम, RTX को आपसे संपर्क करने का कोई तरीका (जैसे कि ईमेल पता या टेलीफ़ोन नंबर) बताएं, ताकि हम आपके अनुरोध का जवाब दे सकें। साथ ही, आपके और हमारे बीच के संबंध के प्रकार के बारे में भी जानकारी दें (जैसे कि आप हमारी वेबसाइट पर बस एक विज़िटर हैं या शेयरधारक) हैं। साथ ही, बताएं कि आप हमसे किस कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। आपके अनुरोध के आधार पर हम यह निर्धारित करने के लिए जांच करेंगे कि क्या हमारे पास आपकी कोई निजी जानकारी है। अगर हमारे पास आपकी निजी जानकारी है (आपके अनुरोध में प्रदान की गई जानकारी के अलावा), तो हम पहले से मौजूद उस निजी जानकारी के आधार पर आपकी पहचान की पुष्टि करने की कोशिश करेंगे; हम जिस डेटा का अनुरोध करेंगे वह आपके बारे में हमारे पास पहले से मौजूद निजी जानकारी की प्रकृति पर निर्भर करेगा। हम इस बारे में भी जानकारी प्रदान करेंगे कि क्या ऐसी कोई वजह है जिससे हम आपके अनुरोध को पूरा नहीं कर सकते हैं।

**यूरोपीय संघ और गोपनीयता संबंधी कानून वाले अन्य देशों के निवासियों के लिए:** आपको अपने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय डेटा संरक्षण प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज करने का अधिकार है, जिसे पर्यवेक्षी अधिकृति भी कहा जा सकता है। आपको सहमति वापस लेने, आपकी निजी जानकारी का ऐक्सेस पाने, उसमें सुधार करने या उसे हटाए जाने के लिए कहने का अधिकार है। इसके अलावा, आपके पास कुछ खास निजी जानकारी को प्रोसेस करने पर प्रतिबंध लगाने या आपत्ति जताने और कुछ खास परिस्थितियों में उसकी पोर्टेबिलिटी की मांग करने का भी अधिकार है। RTX से ऐक्सेस की मांग करने, सुधार करने, हटाने या नियंत्रण या पोर्टेबिलिटी खोजने के बारे में संपर्क करने के लिए कृपया इस नोटिस के अंत में दिए गए संपर्क के तरीकों का इस्तेमाल करें।

**संयुक्त राज्य अमेरिका के निवासियों के लिए:** RTX, www.rtx.com के ज़रिए सोशल सिक्योरिटी नंबर इकट्ठा नहीं करती है। हालांकि, कानून द्वारा आवश्यक होने पर RTX सोशल सिक्योरिटी नंबर इकट्ठा करती है, जैसे कि अपने कर्मचारियों के कर और पेरोल संबंधी उद्देश्यों के लिए। जब RTX सोशल सिक्योरिटी नंबर इकट्ठा और/या इस्तेमाल करती है, तब वह गोपनीयता को सुरक्षित रखती है, जानकारी को सीमित तौर पर ही इकट्ठा करती है, सुनिश्चित करती है कि ऐक्सेस

आवश्यकतानुसार ही किया जाए, सुरक्षा के ज़रूरी तकनीकी इंतज़ाम लागू करती है और उपयुक्त निपटान सुनिश्चित करती है।

**ऑस्ट्रेलिया के निवासियों के लिए:** ऑस्ट्रेलिया में RTX का हर निकाय एक "ऐप्लिकेशन निकाय" है, जिस पर प्राइवेसी ऐक्ट 1988 (कॉमनवेल्थ ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया) ("ऑस्ट्रेलियन प्राइवेसी ऐक्ट") के प्रावधान लागू होते हैं। इस नोटिस में RTX के लिए रेफ़रंस, ऑस्ट्रेलिया के लोगों की निजी जानकारी इकट्ठा, प्रबंधित और ज़ाहिर करने के संबंध में इसकी ऑस्ट्रेलियाई अनुषंगी कंपनियों के कामों और कार्यप्रणालियों पर भी लागू होते हैं। जब ऑस्ट्रेलिया की अनुषंगी कंपनी, नोटिस में बताई गई किसी वजह से विदेशी प्राप्तकर्ता के साथ ऑस्ट्रेलिया के लोगों की निजी जानकारी ज़ाहिर करती है, तो उसे यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने होंते हैं कि विदेशी प्राप्तकर्ता उस जानकारी से संबंधित ऑस्ट्रेलियन प्राइवेसी ऐक्ट का उल्लंघन न करे। ऑस्ट्रेलिया के निवासी अपनी निजी जानकारी ऐक्सेस करने, उसे ठीक या अपडेट करने, RTX की प्राइवेसी प्रैक्टिस के बारे में सामान्य तौर पर कोई सवाल पूछने या कोई शिकायत करने के लिए, privacy.compliance@rtx.com पर ईमेल कर सकते हैं। अगर हमें जवाब देने में 30 दिन से ज़्यादा समय लगता है या आप नतीजों से संतुष्ट नहीं हैं, तो आपके पास ऑस्ट्रेलियन इन्फ़ॉर्मेशन कमिश्नर के ऑफ़िस में प्राइवेसी कमीशन से शिकायत करने का विकल्प होता है। यह शिकायत GPO Box 5218, Sydney NSW 2001 पर डाक से, 1300 363 992 पर कॉल करके या enquiries@oaic.gov.au पर ईमेल भेजकर की जा सकती है।

## RTX, इस नीति को कैसे बदल सकती है?

अगर RTX इस वेबसाइट का विस्तार और इसमें सुधार करती है, तो हमें इस नीति को अपडेट करने की आवश्यकता हो सकती है। अगर हम नीति में कोई ज़रूरी बदलाव करते हैं, तो हम अपनी वेबसाइटों पर एक नोटिस पोस्ट करेंगे या कानून द्वारा आवश्यक होने पर आपको सूचित करने के लिए, आपसे संपर्क करेंगे। नीति के संशोधित संस्करण को पोस्ट किए जाने के बाद, हमारे साथ बातचीत करना जारी रखने पर यह माना जाएगा कि आप नीति में हुए बदलावों को स्वीकार करते हैं। इसके लिए, कुछ अतिरिक्त आवश्यकताएं भी लागू हो सकती हैं। हमारा सुझाव है कि आप इस नीति में होने वाले बदलाव देखने के लिए, नियमित रूप से इसकी समीक्षा करें। नीति के नए संस्करण की तारीख, नीति के निचले हिस्से में दी जाएगी।

## आप RTX से किस तरह से संपर्क कर सकते हैं?

अगर आप अपनी निजी जानकारी का ऐक्सेस पाना चाहते हैं, उसमें सुधार करना चाहते हैं या अपनी निजी जानकारी अपडेट करना चाहते हैं या अगर RTX की गोपनीयता लागू करने प्रक्रिया के बारे में

आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया इन्हें ईमेल से **privacy.compliance@rtx.com** पर भेजें। अगर आप स्थानीय डेटा सुरक्षा अधिकारी से संपर्क करना चाहते हैं, तो कृपया अपने ईमेल में इसकी जानकारी दें और आपका ईमेल, उपयुक्त व्यक्ति को भेज दिया जाएगा।